**दिनांक : 01.06.2025** **समय : 0710pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, देश में तेजी से हुए बदलावों ने लोगों को सशक्त बनाया।
- कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुनाफे की खेती के लिए लागत घटाने पर दिया जोर।
- प्रदेश में गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों की साफ–सफाई का काम जारी।
- स्कूलों के माध्यम से पांच जून से प्रदेश में चलेगा पौध रोपण अभियान।

प्रधानमंत्री–एडीबी अध्यक्ष बैठक
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि पिछले दशक में भारत में तेजी से हुए बदलावों ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और सरकार अब इस यात्रा को अधिक गति देने के लिए काम कर रही है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। श्री कांडा ने बताया कि बैंक अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 बिलियन डॉलर की मदद देगा। श्री कांडा ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण साहसिक है और बैंक इस महत्वाकांक्षा का सहयोग कर रहा है।

**शाह फॉरेंसिक**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपराधों के बदलते स्वरूप को देखते हुए अपराध निरोधक एजेंसियों को आधुनिक बनाए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने आज कोलकाता में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज ज्यादातर गतिविधियां ऑनलाइन हो गई हैं। इसे देखते हुए डिजिटल फॉरेंसिक महत्वपूर्ण हो गया है। श्री शाह ने कहा कि कोलकाता में नई सी.एफ.एस.एल. प्रयोगशाला पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में जटिल मामलों के लिए एक समग्र दृष्टिकोण विकसित करेगी।

कृषि अभियान

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को जानकारी प्रदान करने वाला जन–आंदोलन है। श्री चौहान ने मेरठ में किसानों से संवाद में कहा कि खेती की लागत कम करने से मुनाफा बढ़ेगा। अभियान का उद्देश्य लागत कम करना, पैदावार बढ़ाना और खेती को लाभदायक बनाना है।

नर्मदापुरम जिले में अभियान के तहत जिले की 8 ग्राम पंचायतों में नवीन उन्नत कृषि तकनीकं की जानकारी पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही है। किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया जा रहा है। जबलपुर के ग्राम झगरा मेंकृषि संगोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अक्षता तोमर ने मिट्टी में कार्बन के प्रतिशत की कमी से उत्पादन में कमी और बायो फर्टिलाइजर की उपयोगिता बताई। शिवपुरी जिले में वैज्ञानिकों के दल द्वारा विभिन्न गांव में पहुंचकर किसानों को नए नवाचार, उन्नत खेती की तकनीक के बारे में जानकारी दी जा रही है।

निबंध प्रतियोगिता
सरकार 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है। पहली प्रतियोगिता का विषय है– 'ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना'। यह एक द्विभाषी निबंध प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें दिल्ली में लाल

किले पर 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का विशेष अवसर मिलेगा। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए My Gov की वेबसाइट पर जा सकते हैं। प्रतियोगिता इस महीने की 30 तारीख तक खुली है। दूसरी प्रतियोगिता में, सरकार ने सभी उभरते सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों को भारतीय स्वतंत्रता के किसी भी स्मारक और स्थल पर अपनी सैर का वीडियो और रील बनाने के लिए आमंत्रित किया है। इच्छुक प्रतिभागियों को रील और वीडियो को अपने सोशल मीडिया पेज पर #NewIndia #EmpoweredIndia और #independenceday2025 हैशटैग के साथ पोस्ट करना होगा। नया भारत सशक्त भारत थीम पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है।

जल संवर्धन

शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमृत सरोवर व नए तालाब बनाए जा रहे हैं। पुराने तालाबों के गहरीकरण व साफसफाई का काम भी किया जा रहा है। यह सभी काम मनरेगा व खनिज मद से कराए जा रहे हैं। इस काम से जहां भूजल स्तर सुधरेगा वहीं गांव व खेतों की प्यास बुझाना आसान होगा। अभियान के तहत 15 अमृत सरोवर निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बीते दो महीनों में 14 अमृत सरोवरों को तकनीकी स्वीकृति दी गई है। इनके निमार्ण पर 4 करोड़ 12 लाख रुपए खर्च होगा। इनमें से 8 की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी हो चुकी है। अमृत सरोवर निर्माण के लिए ऑनलाइन सिपरी ऐप की मदद ली जा रही है। इस ऐप की मदद से जलभराव वाले क्षेत्र का चयन करना आसान है। झाबुआ जिले में अभियान के तहत 375 ग्राम पंचायतों में गहरीकरण के लिए कुल 585 तालाबों, चेकडेम, स्टॉप डेम एवं अन्य जल संरचनाओं को चिन्हित कर 375 जल संरचनाओं का जन सहयोग से गहरीकरण कर 58 हजार 941 ट्रेक्टर ट्राली मिट्टी निकाली गई है। इस कार्य में 4 हजार 761 ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता की है।

अहिल्या समारोह

प्रदेश में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की तीन सौ वीं जयंती के अवसर पर कल अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीहोर में जन्मोत्सव समिति एवं जिला सहकार भारती द्वारा शिव शक्ति समागम समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉक्टर निवेदिता चतुर्वेदी ने अपना वक्तव्य दिया। नीमच में कल लोकमाता देवी अहिल्याबाई के त्रि–शताब्दी जयन्ती कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें विधायक दिलीप सिंह परिहार ने पुरस्कार वितरित किए। छिंदवाड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभाएं। कार्यक्रम के अंत में 'तंबाकू निषेध दिवस' के उपलक्ष्य में नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। भोपाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छिंदवाड़ा जिले के अनूठे और प्रभावशाली नवाचार 'वॉश ऑन व्हील्स' की प्रशंसा की।

पौधरोपण अभियान

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विद्यालयों में 5 जून से ईको क्लब के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौध रोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के नाम से चलाने का फैसला किया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। प्रत्येक जिले में अभियान के दौरान एक लाख पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में विद्यार्थियों की भागीदारी से 30 सितम्बर तक 50 लाख पौधे रोपे जायेंगे। पौध रोपण में स्थानीय और क्षेत्रीय प्रजातियों के पौधे लगाने को प्राथमिकता दी जायेगी। अभियान के दौरान बच्चों को पौधों की किस्मों और उनके फायदे की जानकारी भी साझा की जायेगी।

फैटी लिवर

स्वास्थ्य विभाग ने आज से प्रदेश में ऐसे लोगों में फैटी लीवर बीमारी की पहचान का अभियान शुरू किया है जो शराब का सेवन नहीं करते हैं। इस तरह का अभियान शुरू करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है। अभियान के दौरान तीन मापदंडों पर मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी। पीड़ित मिलने पर मरीज का पंजीयन कर जरूरी उपचार के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मुरैना में तंबाकू व धूम्रपान छोड़ने के संदेश के साथ इन पदार्थों की शवयात्रा निकाल कर अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पर अंतिम संस्कार किया गया। नशे का त्याग करने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी हुआ।
- शासकीय कार्यालयों में ई–ऑफिस प्रणाली को लागू करने में नर्मदापुरम जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले में अब तक 2 हजार 500 से अधिक ई–फाइलों का सृजन किया जा चुका है।
- शिवपुरी जनपद के सतेरिया गांव में अवैध उत्खनन की शिकायत पर प्रशासनिक टीम ने एक पोकलेन मशीन और एक डंपर को जब्त किया है।
- शहडोल जिले में थानों की कार्यप्रणाली पर नजर रखने के साथ आम नागरिक को अनुभव साझा करने की सुविधा देने के लिए क्यूआर कोड लगाए गए हैं। शहडोल रेंज के आईजी अनुराग शर्मा और एसपी रामजी श्रीवास्तव ने इसका लोकार्पण किया।
- अशोकनगर में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज प्रस्तावित विकास कार्यों के स्थानों का निरीक्षण किया।
- सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सोशल मीडिया के माध्यम से विधिक सेवा योजनाओं और विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी विषयों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए एक नई पहल "एक कदम जागरूकता की ओर" प्रारंभ किया है।
- आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में दूसरे क्वालीफायर में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।